दिन– गुरुवार दिनांक– 24 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01 नियोजित शिक्षकों की दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा के अंतर्गत सात विषयों की परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। तेरह नवम्बर को होगी पुनर्परीक्षा।

02. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए अब तक सोलह प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चे भरे। कल तक भरे जा सकेंगे नामांकन पत्र।

03. ईओयू ने नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज किया। आमदनी से एक सौ चौवालीस प्रतिशत अधिक सम्पत्ति का हुआ खुलासा।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर देर रात से तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला जारी।

———————————————————————

नियोजित शिक्षकों की दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा के अंतर्गत सात विषयों की परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने प्रश्न पत्रों में विसंगति होने के कारण यह फैसला किया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि जिन विषयों की परीक्षा दोबारा ली जाएगी उसमें कक्षा नौवीं और दसवीं के पांच विषय संगीत हिन्दी, गृह विज्ञान, नृत्य और फारसी शामिल हैं। वहीं कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के गृह विज्ञान तथा इतिहास विषय की परीक्षा भी दोबारा होगी। अध्यक्ष ने बताया कि तेरह नवंबर को परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए फिर से परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए जाएंगे और अभ्यर्थियों के लिए नए सिरे से प्रवेश–पत्र जारी किया जाएगा। गौरतलब है कि दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा के अंतर्गत छब्बीस अगस्त को सीबीटी के माध्यम से इन विषयों की परीक्षा आयोजित की गई थी।

———————————————————————

प्रदेश के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के उनतालीस हजार और रिक्त पदों पर नियुक्ति होगी। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षकों के सत्रह हजार अठारह और उच्च माध्यमिक शिक्षकों के बाईस हजार तीन सौ तिहत्तर पदों का रोस्टर सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग इसे बिहार लोक सेवा आयोग को भेजेगा। इधर, प्रधानाध्यापकों के छह हजार इकसठ पदों का रोस्टर भी शिक्षा विभाग ने भेज दिया है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने निजी विश्वविद्यालयों को नियमों के अनुरूप शुल्क में पच्चीस प्रतिशत छूट देने का निर्देश दिया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में पटना में हुई उच्च स्तरीय बैठक में विश्वविद्यालयों को अपनी गतिविधियों से संबंधित रिपोर्ट विभाग को भेजने के निर्देश दिये गये। साथ ही समर्थ पोर्टल को लागू करने का भी आदेश दिया गया।

———————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में अब तक कुल सोलह प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पर्चे भरे हैं। तरारी सीट के लिए पांच, रामगढ़ के लिए चार, इमामगंज के लिए दो और बेलागंज के लिए पांच नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। उपचुनाव के लिए कल तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच अट्टाईस अक्टूबर को होगी जबकि प्रत्याशी तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा।

———————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज किया है। उसके पास आय से एक सौ चौवालीस प्रतिशत अधिक सम्पत्ति का खुलासा हुआ है। जांच एजेंसी ने पिछले दिनों संजीव मुखिया के पटना और नालंदा स्थित कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईओयू ने एक विज्ञप्ति में कहा है कि संजीव मुखिया के पास दो करोड़ तीस लाख रूपये से अधिक की सम्पत्ति का खुलासा हुआ है, जो आय से एक सौ चावालीस प्रतिशत अधिक है। छापेमारी के दौरान उसके ठिकानों से ग्यारह लाख रूपये नकद भी बरामद किये गये। पटना और नालंदा में संजीव मुखिया और उसके परिजनों के नाम से भूमि और निवेश के कई दस्तावेज मिले हैं। इसके अलावा चार पहिया और सोलह पहिया वाहनों के कागजात भी जब्त किये गये।

———————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के मामले में गिरफ्तार भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस को सात दिनों की रिमांड पर ले लिया है। जांच एजेंसी ने पटना की पीएमएलए अदालत में संजीव हंस को रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया था। इधर, इसी मामले में बेऊर जेल में बंद पूर्व विधायक गुलाब यादव को रिमांड पर लेने के लिए भी ईडी की ओर से विशेष कोर्ट में एक आवेदन दायर किया गया है। इस मामले में आज सुनवाई होगी।

———————————————————————————

प्रदेश में अब खराब सड़कों और पुल–पुलियों की शिकायत ऑनलाईन की जा सकेगी। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कल पटना में इससे संबंधित लोक शिकायत निवारण प्रणाली का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि शिकायत पर सात दिनों के अन्दर मरम्मती करवाई जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————————

पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरि सहनी ने कहा है कि प्रखंड स्तरीय मछुआ समितियों में कॉमन सर्विस सेंटर खोले जायेंगे। पटना सदर प्रखंड के मछुआ समिति केन्द्र के उद्घाटन के अवसर पर श्री सहनी ने यह घोषणा की।

————————————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में शिविर लगाकर दिव्यांगजनों का प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड बनाया जायेगा। समाज कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विभिन्न पंचायतों में बनाये गये दो हजार छह सौ पन्द्रह पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके निर्माण पर सात हजार एक सौ साठ करोड़ रूपये की लागत आई है। साथ ही मुख्यमंत्री सोनपुर स्थित राज्य पंचायत संसाधन केन्द्र और तेरह जिला परिषद संसाधन केन्द्र का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वे ई–ग्राम कचहरी कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम का भी लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहेंगे।

————————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव हुआ है। राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर देर रात से तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। पूर्णियां, कटिहार, अररिया और भागलपुर समेत आस–पास के हिस्सों में कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश की खबर है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज और कल भागलपुर, बांका, मुंगेर, शेखपुरा, जहानाबाद, नालंदा, लखीसराय, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज जिले के विभिन्न भागों में बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि इस अवधि में तेज हवा भी चलेगी।

———बाईट———

इधर, चक्रवाती तूफान को देखते हुये रेलवे ने आज और कल एक सौ पचास ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसमें बिहार से जुड़ी बारह ट्रेन शामिल है। इसके अलावा पटना–कोलकाता के बीच दो जोड़ी उड़ाने आज और कल रद्द रहेंगी।

———————————————————————————

इधर, रेलवे ने रांची समेत नौ रेलमंडल कार्यालयों में वॉर रूम की स्थापना की है। साथ ही सभी प्रमुख स्टेशनों पर हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त दवाओं के साथ मेडिकल टीमें विभिन्न स्थानों पर तैनात रहेंगी।

———————————————————————————

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ छियासी मरीजों की पुष्टि हुई है। इसमें सबसे अधिक पटना से एक सौ दो मामले हैं। राज्य में अब तक डेंगू के छह हजार चौहत्तर मरीजों की पुष्टि हो चुकी है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने दीपावली और छठ पूजा को लेकर पुलिसकर्मियों की छुट्टी पर उनतीस अक्टूबर से नौ नवंबर तक रोक लगा दी है। पुलिस मुख्यालय की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। सिर्फ विशेष परिस्थिति में ही छुट्टी दी जायेगी।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के हथौड़ी थाना क्षेत्र के डीहजीवर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक और युवक की मौत हो गयी। मरने वालों की संख्या बढ़कर दो हो गयी। वहीं, दो लोगों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने जहरीली शराब पीने से मौत की आशंका जतायी है। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से अब तक शराब पीने से मौत की पुष्टि नहीं हुई है।

———————————————————————————

आकाशवाणी समाचार के पूर्व महानिदेशक पी.के. बंद्योपाध्याय का कल कोलकाता में निधन हो गया। भारतीय सूचना सेवा के पूर्व अधिकारी पी.के. बंद्योपाध्याय ने आकाशवाणी समाचार और पत्र सूचना कार्यालय सहित सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों में अपनी सेवाएं दी थीं।

———————————————————————————

जमुई जिले के चकाई के बसतपुर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय में अपराधियों ने घुसकर कई शिक्षकों के साथ मार–पीट की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज शर्मा ने बताया कि अपराधियों ने शिक्षकों से रंगदारी की मांग की थी। पैसे नहीं देने पर

घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही जिलाधिकारी और शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों को भी घटना से अवगत कराया गया है। इस बीच, जिला प्रशासन ने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

———————————————————————

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अमनाबाद से पुलिस ने तीन रायफल और एक सौ दो कारतूस के साथ बालू तस्कर श्रवण चौधरी को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा बिगहा गांव के पास दो वाहनों के बीच आमने–सामने की टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें दो की मौत इलाज के दौरान हो गई।

———————————————————————

बांका जिले के शंभूगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत खपड़ा गांव में अपराधियों ने एक दिव्यांग वृद्ध दंपती की धारदार हथियार से हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने जमीन को लेकर घटना को अंजाम देने की आशंका जतायी है।

———————————————————————

बेगूसराय के पटेल चौक स्थित एक आभूषण दुकान में पिछले दिनों हुई लूट के मामले में पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार ने जोगबनी स्थित एकीकृत चेक प्वाइंट का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने चेक प्वाइंट के क्रियाकलापों के संबंध में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– प्रश्न पत्र में विसंगति के कारण सक्षमता परीक्षा में सात विषयों की परीक्षा दोबारा होगी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– अब खरना के दिन भी बंद रहेंगे सरकारी विद्यालय।

दैनिक भास्कर ने ब्रिक्स समिट से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– पांच साल बाद मिले पीएम मोदी–जिनपिंग। बोले हमारी दोस्ती से दुनिया को फायदा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुपौल में चार सौ चौरानवे करोड़ रूपये की दो सौ ग्यारह योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया।

राष्ट्रीय सहारा ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को प्रमुखता देते हुये लिखा है– पर्यावरण संबंधी कानून को बताया शक्तिहीन, केन्द्र की खिंचाई।

आज अखबार लिखता है– भ्रष्टाचार के मामले में ग्रामीण बैंक के प्रबंधक समेत चार दोषी करार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01 नियोजित शिक्षकों की दूसरे चरण की सक्षमता परीक्षा के अंतर्गत सात विषयों की परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। तेरह नवम्बर को होगी पुनर्परीक्षा।

02. तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए अब तक सोलह प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चे भरे। कल तक भरे जा सकेंगे नामांकन पत्र।

03. ईओयू ने नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज किया। आमदनी से एक सौ चौवालीस प्रतिशत अधिक सम्पत्ति का हुआ खुलासा।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्य के पूर्वी और दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर देर रात से तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला जारी।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।